# ऑनलाइन सुविधाओं के लिए बनेगा स्टेट अर्बन डिजिटल मिशन

कैबिनेट फैसला------ लखनऊ- विशेष संवाददाता राज्य सरकार शहरी लोगों को निकायों की...




Newswrap ● हिन्दुस्तान टीम,लखनऊ

Wed, 29 Mar 2023 07:45 PM

हमें फॉलो करें

कैबिनेट फैसला------

लखनऊ- विशेष संवाददाता

राज्य सरकार शहरी लोगों को निकायों की बेहतर ऑनलाइन सुविधाएं देने के लिए स्टेट अर्बन डिजिटल मिशन (एसयूडीएम-यूपी) की स्थापना करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक में इसके लिए मेमोरंडम ऑफ एसोसिएशन (एमओए) नियमावली और सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के अधीन पंजीकरण कराने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

केंद्र सरकार ने नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन की भांति प्रदेश में ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में सभी नगरीय निकायों को सहयोग देने के लिए (एसयूडीएम-यूपी) को सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत इसका गठन करते हुए इसे लागू किया जाना है। केंद्र सरकार ने मई 2022 को इसके लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया है।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि इसके बाद लोगों को ऑनलाइन की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। गृहकर, जलकर जमा करने के साथ ही जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र घर बैठे प्राप्त करने की सुविधा और बेहतर हो जाएगी। ईज ऑफ लिविंग सुविधाएं इससे और बेहतर होंगी। अमृत-2 के रिफार्म एजेंडा के अंतर्गत ऑनलाइन म्युनिसिपल सेवा प्रणाली को विकसित किया जाना है।

***यह हिन्दुस्तान अखबार की ऑटोमेटेड न्यूज फीड है, इसे लाइव हिन्दुस्तान की टीम ने संपादित नहीं किया है।***